## NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

कार्य का नाम :– जनपद अल्मोड़ा विकास खण्ड द्वाराहाट के अन्तर्गत बसेरा बैण्ड से कूना धन्यारी मोटर मार्ग का धौलाड़गूढ़ तिपौला तक विस्तार (लम्बाई 2.00 किमी0) ।

जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत बसेरा बैण्डसे कूना धन्यारी मोटर मार्ग का धौलाड़गूढ़ तिपोला तक विस्तार का निर्माण प्रस्तावित है। मार्ग की कुल स्वीकृत लम्बाई 2.00 किमी0 है। इस मोटर मार्ग में पड़ने वाले ग्राम कूना एंव धन्यारी गॉवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिये यहॉ पर कोई भी लिंक मार्ग या सड़क मार्ग नहीं है जिससे यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन बसेरा बैण्ड से कूना धन्यारी मोटर मार्ग किमी0–3 के अन्त से प्रारम्भ होकर धन्यारी तक जायेगा। इस समरेखन में 2 हेयर पिन बैण्ड पड़ते हैं तथा इसका ग्रेड सरल है एंव अधिक जनता को लाभान्वित करता है। इस समरेखन में आम लोगों की सहमति भी है व इस समरेखन में न्यूनतम वृक्ष एंव वन भूमि प्रभावित होती हैं। इस समरखेन के निर्माण से लागत भी कम आयेगी। इस समरेखन हेतु भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी सहमति दी गई है।

समरेखन–2 यह समरेखन बसेरा बैण्ड से कूना धन्यारी मोटर मार्ग किमी0–3 के अन्त से प्रारम्भ होकर धन्यारी तक जायेगा। इस समरेखन में 4 हेयर पिन बैण्ड पड़ते हैं इस समरेखन में ग्रेड तीव्र है तथा अधिक वृक्ष एंव वन भूमि अधिक प्रभावित होती है एंव आम लोगों की सहमति भी नहीं है। भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी इस पर असहमति व्यक्त की गई है।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

(M.K. Pande) सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0 नि0 वि0

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

प्रभागीय वनाधिकारी
अल्मोड़ा वन प्रभाग अल्मोड़ा